**GOVT. SWAMI ATMANAND POST GRADUATE COLLEGE**

**NARAYANPUR (C.G.) 494661**

Affiliated to Shaheed Mahendra Karma Vishwavidhyalaya, Bastar, Jagdalpur, (C.G.)

Registered Under Section 2(f) & 12(b) of UGC Act

















**GOVT. SWAMI ATMANAND POST GRADUATE COLLEGE**
**NARAYANPUR (C.G.) 494661**
Affiliated to Shaheed Mahendra Karma Vishwavidhyalaya, Bastar, Jagdalpur, (C.G.)
Registered Under Section 2(f) & 12(b) of UGC Act

















GOVT. SWAMI ATMANAND POST GRADUATE COLLEGE
NARAYANPUR (C.G.) 494661
Affiliated to Shaheed Mahendra Karma Vishwavidhyalaya, Bastar, Jagdalpur, (C.G.)
Registered Under Section 2(f) & 12(b) of UGC Act



















GOVT. SWAMI ATMANAND POST GRADUATE COLLEGE
NARAYANPUR (C.G.) 494661
Affiliated to Shaheed Mahendra Karma Vishwavidhyalaya, Bastar, Jagdalpur, (C.G.)
Registered Under Section 2(f) & 12(b) of UGC Act














**GOVT. SWAMI ATMANAND POST GRADUATE COLLEGE**
**NARAYANPUR (C.G.) 494661**
Affiliated to Shaheed Mahendra Karma Vishwavidhyalaya, Bastar, Jagdalpur, (C.G.)
Registered Under Section 2(f) & 12(b) of UGC Act

















**GOVT. SWAMI ATMANAND POST GRADUATE COLLEGE**

**NARAYANPUR (C.G.) 494661**

Affiliated to Shaheed Mahendra Karma Vishwavidhyalaya, Bastar, Jagdalpur, (C.G.)

Registered Under Section 2(f) & 12(b) of UGC Act


















**GOVT. SWAMI ATMANAND POST GRADUATE COLLEGE**
**NARAYANPUR (C.G.) 494661**
Affiliated to Shaheed Mahendra Karma Vishwavidhyalaya, Bastar, Jagdalpur, (C.G.)
Registered Under Section 2(f) & 12(b) of UGC Act

















**GOVT. SWAMI ATMANAND POST GRADUATE COLLEGE**
**NARAYANPUR (C.G.) 494661**
Affiliated to Shaheed Mahendra Karma Vishwavidhyalaya, Bastar, Jagdalpur, (C.G.)
Registered Under Section 2(f) & 12(b) of UGC Act
















**GOVT. SWAMI ATMANAND POST GRADUATE COLLEGE**
**NARAYANPUR (C.G.) 494661**
Affiliated to Shaheed Mahendra Karma Vishwavidhyalaya, Bastar, Jagdalpur, (C.G.)
Registered Under Section 2(f) & 12(b) of UGC Act



















**GOVT. SWAMI ATMANAND POST GRADUATE COLLEGE**

**NARAYANPUR (C.G.) 494661**

Affiliated to Shaheed Mahendra Karma Vishwavidhyalaya, Bastar, Jagdalpur, (C.G.)

Registered Under Section 2(f) & 12(b) of UGC Act

















**GOVT. SWAMI ATMANAND POST GRADUATE COLLEGE**

**NARAYANPUR (C.G.) 494661**

Affiliated to Shaheed Mahendra Karma Vishwavidhyalaya, Bastar, Jagdalpur, (C.G.)


Registered Under Section 2(f) & 12(b) of UGC Act
















GOVT. SWAMI ATMANAND POST GRADUATE COLLEGE
NARAYANPUR (C.G.) 494661
Affiliated to Shaheed Mahendra Karma Vishwavidhyalaya, Bastar, Jagdalpur, (C.G.)
Registered Under Section 2(f) & 12(b) of UGC Act
















**GOVT. SWAMI ATMANAND POST GRADUATE COLLEGE**
**NARAYANPUR (C.G.) 494661**
Affiliated to Shaheed Mahendra Karma Vishwavidhyalaya, Bastar, Jagdalpur, (C.G.)
Registered Under Section 2(f) & 12(b) of UGC Act














**GOVT. SWAMI ATMANAND POST GRADUATE COLLEGE**

**NARAYANPUR (C.G.) 494661**

Affiliated to Shaheed Mahendra Karma Vishwavidhyalaya, Bastar, Jagdalpur, (C.G.)

Registered Under Section 2(f) & 12(b) of UGC Act















**GOVT. SWAMI ATMANAND POST GRADUATE COLLEGE**

**NARAYANPUR (C.G.) 494661**

Affiliated to Shaheed Mahendra Karma Vishwavidhyalaya, Bastar, Jagdalpur, (C.G.)

Registered Under Section 2(f) & 12(b) of UGC Act
















**GOVT. SWAMI ATMANAND POST GRADUATE COLLEGE**

**NARAYANPUR (C.G.) 494661**

Affiliated to Shaheed Mahendra Karma Vishwavidhyalaya, Bastar, Jagdalpur, (C.G.)

Registered Under Section 2(f) & 12(b) of UGC Act



















**GOVT. SWAMI ATMANAND POST GRADUATE COLLEGE**


**NARAYANPUR (C.G.) 494661**

Affiliated to Shaheed Mahendra Karma Vishwavidhyalaya, Bastar, Jagdalpur, (C.G.)

Registered Under Section 2(f) & 12(b) of UGC Act















**GOVT. SWAMI ATMANAND POST GRADUATE COLLEGE**
**NARAYANPUR (C.G.) 494661**
Affiliated to Shaheed Mahendra Karma Vishwavidhyalaya, Bastar, Jagdalpur, (C.G.)
Registered Under Section 2(f) & 12(b) of UGC Act


















**GOVT. SWAMI ATMANAND POST GRADUATE COLLEGE**


**NARAYANPUR (C.G.) 494661**

Affiliated to Shaheed Mahendra Karma Vishwavidhyalaya, Bastar, Jagdalpur, (C.G.)

Registered Under Section 2(f) & 12(b) of UGC Act











**GOVT. SWAMI ATMANAND POST GRADUATE COLLEGE**
**NARAYANPUR (C.G.) 494661**
Affiliated to Shaheed Mahendra Karma Vishwavidhyalaya, Bastar, Jagdalpur, (C.G.)
Registered Under Section 2(f) & 12(b) of UGC Act













**GOVT. SWAMI ATMANAND POST GRADUATE COLLEGE**
**NARAYANPUR (C.G.) 494661**
Affiliated to Shaheed Mahendra Karma Vishwavidhyalaya, Bastar, Jagdalpur, (C.G.)
Registered Under Section 2(f) & 12(b) of UGC Act











**GOVT. SWAMI ATMANAND POST GRADUATE COLLEGE**
**NARAYANPUR (C.G.) 494661**
Affiliated to Shaheed Mahendra Karma Vishwavidhyalaya, Bastar, Jagdalpur, (C.G.)
Registered Under Section 2(f) & 12(b) of UGC Act

















**GOVT. SWAMI ATMANAND POST GRADUATE COLLEGE**

**NARAYANPUR (C.G.) 494661**

Affiliated to Shaheed Mahendra Karma Vishwavidhyalaya, Bastar, Jagdalpur, (C.G.)

Registered Under Section 2(f) & 12(b) of UGC Act





















**GOVT. SWAMI ATMANAND POST GRADUATE COLLEGE**
**NARAYANPUR (C.G.) 494661**
Affiliated to Shaheed Mahendra Karma Vishwavidhyalaya, Bastar, Jagdalpur, (C.G.)
Registered Under Section 2(f) & 12(b) of UGC Act

















## साहसिक शिविर से लौटकर आई छात्रा का स्वागत

नारायणपुर (नईदुनिया न्यूज)। शासकीय स्वामी आत्मानंद पीजी कालेज नारायणपुर में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेवी वनिता नेताम बीएससी भाग तीन का चयन साहसिक शिविर 2023 पोंगडैम हिमाचल प्रदेश नेशनल कैंप में हुआ था। जो शिविर में सम्मिलित होकर नारायणपुर महाविद्यालय का मान बढ़ाया। वनिता नेताम के शिविर से वापस आने पर राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला संगठक भगवान दास चांडक, महाविद्यालय के प्राचार्य सखाराम कुंजाम, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी विशाल विश्वास व सभी महाविद्यालय के छात्राओं की शुभकामनाएं दी हैं।




प्रमाण पत्र के साथ वनिता। ● नईदुनिया

न्यूज 2 मिनट में

## वित्तीय साक्षरता पर कालेज में तीन दिवसीय कार्यशाला आयोजित



नारायणपुर @ पत्रिका. शासकीय स्वामी आत्मानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय एवं वीरांगना रामवती मडिया शासकीय आदर्श महिला महाविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में वित्तीय साक्षरता पर तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन 23 से 25 फरवरी तक किया जा रहा है,यह कार्यक्रम विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग नई दिल्ली तथा आईआईटी भिलाई इनोवेशन एवं टेक्नोलॉजी फाउंडेशन द्वारा प्रायोजित एवं पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के द्वारा आयोजित किया जा रहा है। 24 फरवरी को कार्यशाला का द्वितीय दिवस पर प्रथम प्रशिक्षक हेमराज ठाकुर ने बैंकिंग व्यवस्था पर, आरती वानकर ने डिजिटल बैंकिंग पर, रोहित पाल ने प्राथमिकता आधारित क्षेत्र व लोन व्यवस्था विषय पर प्रतिभागियों को जानकारी दी। सभी प्रशिक्षकों ने विभिन्न प्रकार के गतिविधियों के द्वारा प्रतिभागियों को बहुत ही मनोरंजक तरीके से वित्तीय जानकारी प्रदान की ।

## मानवाधिकार दिवस पर हुई रंगोंली, चित्रकला एवं फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता

नारायणपुर। शासकीय स्वामी आत्मानंद स्नातकोत्तर




महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा मनाया गया मानवाधिकार दिवस रंगोंली, चित्रकला और फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।मानवाधिकार की प्रतिज्ञा का वाचन प्राचार्य डॉ सखाराम कुंजाम द्वारा करवाया गया। कार्यक्रम का आयोजन एवं संचालन श्रीमती मीनाक्षी ठाकुर विभागाध्यक्ष द्वारा किया गया सहसंयोजक कु.संध्या पटेल रहीं। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त अतिथि सहायक प्राध्यापक एवं ग्रंथपाल ने अपनी भागीदारी एवं सहयोग किया।

## स्वयंसेवकों ने नुक्कड़ नाटक के जरिए ग्रामीणों को किया जागरूक



नारायणपुर| शासकीय स्वामी आत्मानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय की एनएसएस इकाई ने उच्च शिक्षा विभाग व यूनिसेफ के संयुक्त तत्वाधान में सुरक्षित पारा सुरक्षित लाइकामन थीम पर सर्वेक्षण किया। इस दौरान चिन्हित गांवों में पहुंचकर स्वयंसेवकों ने ग्रामीण, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन, बच्चों, महिलाओं व बुजुर्गों से मिलकर उन्हें बाल सुरक्षा, बाल विकास, यौन शोषण, बाल श्रम व चाइल्ड हेल्पलाइन की जानकारी दी। इसके साथ ही आंगनबाड़ी केंद्रों में भी बच्चों की जानकारी ली। स्वयंसेवकों ने दीवारों पर नारा लेखन व चौक-चौराहों पर नुक्कड़ नाटक के जरिए ग्रामीणों को जागरुक भी किया। इस अवसर पर नारायणपुर के जिला संगठक बीडी चांडक ने बताया कि जिले में कुल 20 गांव के 1600 घरों का सर्वेक्षण किया जाना है। यह इकाई द्वारा 16 स्वयंसेवकों की उपस्थिति में ग्राम बिंजली, ब्रेहबेड़ा, इमलीपदर एवं पालकी में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

**GOVT. SWAMI ATMANAND POST GRADUATE COLLEGE**
**NARAYANPUR (C.G.) 494661**
Affiliated to Shaheed Mahendra Karma Vishwavidhyalaya, Bastar, Jagdalpur, (C.G.)
Registered Under Section 2(f) & 12(b) of UGC Act

।। प्रतिवेदन ।।

स्वामी विवेकानंद जयंती (27 वे राष्ट्रीय युवा दिवस)

नारायणरपुर महाविद्यालय में राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन

दिनांक 12/01/2024

शासकीय स्वामी आत्मानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय नारायणपुर एवं वीरांगना रामोतीन माड़ियां शासकीय आदर्श महिला महाविद्यालय नारायणपुर छत्तीसगढ़ के संयुक्त तत्वाधान में आयोजन एवं नेहरू युवा केंद्र नारायणपुर के प्रायोजक द्वारा आधुनिक भारत के आध्यात्मिक गुरु वह युवाओं के आदर्श स्वामी विवेकानंद की जयंती 27 व राष्ट्रीय युवा दिवस का कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि माननीय श्री मति प्रमिला प्रधान ने हरी झंडी दिखाकर यातायात सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली का आगाज किया गया। इसके उपरांत निबंध, भाषण, चित्रकला, नारालेखन, रंगोली प्रतियोगिताओं का आयोजन के पश्चात कार्यक्रम में मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित किया गया। विशेष अतिथि के रूप में श्री आर एस मिश्रा नारायणपुर एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे हैं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस. आर. कुंजाम द्वारा किया गया। स्वागत गीत का गायन कु. वनिता नेताम एवं वंदना द्वारा गाया गया एवं अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। स्वागत भाषण प्राचार्य द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर उन्होंने कहा कि युवा ही वह ऊर्जा है जो देश दुनिया वदल सकते हैं और उसे पहचानने की क्षमता है। धर्म सम्मेलन में पूरे विश्व का दिल जीतने की बात भी कही गई एवं देश के विश्वास में युवा ऊर्जा का काम करने की बात कही मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा कि युवा जो है वायु का उल्टा रूप है आज के युवा सक्रिय एवं हवा की तरह गतिमान है। सांस्कृतिक कार्यक्रम में एकल नृत्य कु. पूजा मंडावी एवं सामूहिक नृत्य में कु. वनिता नेताम एवं साथियों ने किया तथा राउत नाचा की नृत्य की अपनी मनमोहक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में विकसित भारत अभियान की शपथ श्री संतोष कुमार राव ने दिलवाई। जिला स्तर पर युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय नेहरू युवा केंद्र द्वारा 09 जनवरी को आयोजित किया गया था जिसमें प्रथम स्थान कु. रेशमा सोनानी, द्वितीय स्थान पुखराज सम्रथ एवं तृतीय स्थान सुनील मंडावी ने प्राप्त किया जिसको मोमेंटो एवं प्रमाण पत्र के साथ अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया तथा आज के कार्यक्रम में रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान निकिता नेताम, द्वितीय स्थान फुलेश्वरी, नारा लेखन में प्रथम स्थान रुखमणी मंडावी द्वितीय स्थान अनशीला, निबंध में प्रथम स्थान सुनीता द्वितीय स्थान मोनिका नेताम, चित्रकला में प्रथम स्थान खुशी मंडल एवं कविता ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विजेता प्रतिभागियों को नेहरू युवा केंद्र नारायणपुर द्वारा मोमेंटो से सम्मानित किया गया। माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस के संबंध में ऑनलाइन उद्बोधन का प्रदर्शन कराया गया। अंत में राष्ट्रीयगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया तथा इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त स्टाफ एवं 200 स्वयंसेवकों की भागीदारी हुई। आज के कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन नारायणपुर के जिला संगठक (रासेया) वी.डी. चांडक द्वारा किया गया।

12/01/2024
जिला संगठक (रासेयो)
बी. डी. चांडक
शास. स्वामी आत्मानंद स्नातकोत्तर
महाविद्यालय नारायणपुर (छ.ग.)

# आत्मानंद डिग्री कालेज में मनाया गया विश्व पर्यावरण दिवस

12-06-2023




पौधरोपण करते छात्र। ● नईदुनिया

नारायणपुर ( नईदुनिया न्यूज़ )। आत्मानंद डिग्री कालेज में मिशन लाइफ के तहत विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डा. सखाराम कुंजाम के संरक्षक में महाविद्यालय के प्राध्यापकों एवं रासेयो के विद्यार्थियों द्वारा महाविद्यालय प्रांगण में पौधारोपण कर पेड़ पौधे संरक्षित रखने की शपथ दिलाई गई।

प्राचार्य ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को पेड़ लगाने की आवश्यकता है। जिससे हमारे पर्यावरण में अवनयन की स्थिति ना हो और संतुलन व अनुकूलन वातावरण बना रहे। जिला संगठक बीडी चांडक ने बताया कि पेड़-पौधे हमारे पृथ्वी के श्रृंगार ही नहीं बल्कि दीर्घ जीवन देने वाले औषधि का अनुपम वरदान है। जिसे संरक्षण की आवश्यकता है। डा. विजय लाल तिवारी ने बताया कि हमारे सुनहरे भविष्य के लिए पौधे लगाने की आवश्कता है। क्योंकि वनों की कमी के चलते हमारा पर्यावरण में असंतुलन हो रहा हैं, जिससे जलवायु परिवर्तन और स्वास्थ सम्बधित समस्याओं से सामना करना पड़ रहा है। समस्या निदान के लिए पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता है। कन्या महाविद्यालय के कुरसो पोयम ने कहा कि आज के आधुनिक युग में पर्यावरण प्रदूषण एक बहुत गंभीर समस्या है।

प्राकृतिक संतुलन को बनाए रखने के लिए पर्यावरण की सुरक्षा व संरक्षण करना हम सभी का नैतिक दायित्व है। विश्व पर्यावरण दिवस पर आइए, पर्यावरण प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए अधिक से अधिक पौधारोपण करने का संकल्प लें। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 40 विभिन्न प्रकार के प्रजातियों का पौधारोपण महाविद्यालय प्रांगण में किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त अधिकारी कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



# राजनीति विज्ञान विभाग में मनाई गई स्वामी आत्मानंद की जयंती

नारायणपुर| शासकीय स्वामी आत्मानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा शुक्रवार को स्वामी आत्मानंद जी की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर तथा उनके समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में छात्र नरेंद्र कुमार एवं नंदकिशोर ने स्वामी जी के जीवन वृतांत को बतलाया एवं सहायक प्राध्यापक डॉ सुमित श्रीवास्तव एवं डॉक्टर विजय लाल तिवारी ने भी स्वामी जी के जीवन पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संस्था के प्राचार्य डॉ सखाराम कुंजाम ने अबुझमाड़ जैसे दुर्गम क्षेत्रों में आत्मानंद जी के शैक्षणिक संस्थानों की स्थापना की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा के लिए किए गए सराहनीय कार्य आज आदिवासी छात्रों का जीवन बेहतर करने में सक्षम हैं। कार्यक्रम का आयोजन एवं संचालन मीनाक्षी ठाकुर विभागाध्यक्ष राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा किया गया एवं विशेष सहयोग बीडी चांडक जिला संगठन राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा किया गया। कार्यक्रम में संस्था के समस्त सहायक प्राध्यापक, अतिथि सहायक प्राध्यापक तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

युवाओं को बैठ जाने के लिए कहा। मुख्यमंत्री पूरी वार्ता के दौरान युवाओं से पूछते रहे कि उनके नजरिए से छत्तीसगढ़ कैसा होना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान नारायणपुर से वनीता नेताम ने मेरे सपनों का छत्तीसगढ़ पर अपनी बात रखी और इसमें राज्य सरकार की उपलब्धियों को सराहा। मुख्यमंत्री ने इसकी खूब प्रशंसा की। अन्य युवाओं ने भी गढ़बो छत्तीसगढ़ की अपनी कल्पना मुख्यमंत्री के समक्ष रखी। क्राइस्ट कॉलेज की छात्रा भूमिका ने बादल एकेडमी के लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि इस एकेडमी के माध्यम से बस्तर की कला संस्कृति को सहेजने में बड़ी मदद मिल रही है। इस दौरान सीएम ने युवा हितों में लिए गए बड़े फैसलों की भी जानकारी दी।

GOVT. SWAMI ATMANAND POST GRADUATE COLLEGE
NARAYANPUR (C.G.) 494661
Affiliated to Shaheed Mahendra Karma Vishwavidhyalaya, Bastar, Jagdalpur, (C.G.)
Registered Under Section 2(f) & 12(b) of UGC Act

# नेहरू युवा केंद्र द्वारा विकसित भारत 2047 पर भाषण प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**भाषण प्रतियोगिता में रेशमा सोनानी रही अव्वल आज युवाओं को सृजनात्मक दिशा बोध की महती आवश्यकता है: प्रो.चांडक**






अमन पथ न्यूज

नारायणपुर। नेहरू युवा केंद्र युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार एवं शासकीय स्वामी आत्मानंद स्नाकोत्तर महाविद्यालय नारायणपुर जिला नारायणपुर के संयुक्त तत्वाधान में जिला स्तरीय मेरा भारत विकसित भारत 2047 पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे हैं महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य भगवान दास चांडक ने की। इस अवसर पर प्रो. एस. के राव व प्रमोद पोटाई मुख्य वक्ता व निर्णायक रहे। इस अवसर पर डॉ. बसंत नाग शासकीय भानुप्रतापदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय कांकेर से आए विशिष्ट अतिथि रहे। अध्यक्षता कर रहे हैं चांडक ने कहा कि राष्ट्र के निर्माण में युवाओं की भूमिका बहुत ही महत्वपूर्ण है उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में युवाओं को समुचित दिशा के साथ सृजनात्मक होना आवश्यक है।2047 का विकसित भारत युवाओं की सक्रिय भूमिका द्वारा ही संभव है इसके लिए युवा सक्रिय भूमिका निभायें। एआईआर पीटीसी सामाजिक कार्यकर्ता प्रमोद पोटाई मुक्त वक्त के रूप में उन्होंने कहा कि मोबाइल की जकड़न से युवाओं को बाहर निकाल कर सामाजिक व राष्ट्र नवनिर्माण मे अहम योगदान हेतु युवाओं का आह्वान किया। विशेष अतिथि के रूप में बोलते हुए समाजशास्त्र की प्रो. नाग ने विकसित भारत की संकल्पना से रूबरू कराया गया तथा युवाओं को स्वयं की अंतर निहित शक्तियों को जागृत कर सर्वप्रथम स्वयं को स्वीकारने हेतु प्रेरित किया उन्होंने कहा कि आप वायु हो युवा का उल्टा शब्द है,

छात्र-छात्राओं को वायु की तरह बहना चाहिए। प्रो. राव ने युवा शक्ति को समय का सदुपयोग का विकास के प्रत्येक मंच पर अग्रसर होने हेतु प्रेरित किया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रेशमा सोनानी, द्वितीय स्थान पुखराज सम्रथ एवं तृतीय स्थान सुनील मंडावी ने प्राप्त किया। विजेता प्रतिभागियों के रूप में रेशमा सुनानी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में नारायणपुर जिले का प्रतिनिधित्व करेगी। इस अवसर पर अतिथियों ने विजेता प्रतिभागियों को महाविद्यालय परिवार की ओर से उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। भाषण प्रतियोगिता निर्णायक मंडल में भगवान दास चांडक, एस के राव व प्रमोद पोटाई शामिल रहे। सामूहिक रूप से विकसित भारत की प्रतिज्ञा दिलाई गई। इस अवसर पर अक्षय कुमार, टीकाराम चौहान, प्रशांत साहू, प्रदीप सलाम, श्रीमती मीना देवांगन एवं 200 छात्र-छात्राएं उपस्थित हुए।

नवभारत
छत्तीसगढ़ • ओडिशा
Jagdalpur - 18 Oct 2023 - jdp-3
अभिषेक बेनर्जी (ब्यूरोप्रमुख)

# कॉलेज, बाजार और वार्डो में जागरुकता अभियान

**नारायणपुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत के मार्गदर्शन में स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत स्कूलों मे बच्चों द्वारा रैली, एवं कॉलेज में विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से और जिले के विभिन्न वॉर्डो में उपस्थित महिलाओं एवं पुरुषों के बीच मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। निष्पक्ष होकर शतप्रतिशत मतदान करने की अपील की गई। आत्मानंद कॉलेज में उपस्थित मतदाताओं के साथ सभी को शपथ दिलाते हुए कहा कि हम भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण हुए रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति समुदाय भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना किसी भी निर्वाचनो में अपने मताधिकार का



प्रयोग करेंगे । इस अवसर पर हिमांशु कावड़े, दीपक अचला, अजय राय, रामचंद्र यादव, निताई सरकार, अंकित दिल्लीवार, विकास शर्मा, जवाहर यादव, सुकुमार मंडल, भूषण देशमुख, राजकुमार देशमुख, हासीम अहमद आदि मौजूद थे।

**GOVT. SWAMI ATMANAND POST GRADUATE COLLEGE**
**NARAYANPUR (C.G.) 494661**
Affiliated to Shaheed Mahendra Karma Vishwavidhyalaya, Bastar, Jagdalpur, (C.G.)
Registered Under Section 2(f) & 12(b) of UGC Act

---

**प्रचार : युवा मतदाताओं को मताधिकार के प्रयोग के बारे में दी गई जानकारी**

# पीजी कॉलेज में चलाया गया मतदाता हस्ताक्षर अभियान

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com





**नारायणपुर .** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बिपिन मांझी के मार्गदर्शन में 13 अप्रैल को शासकीय स्वामी आत्मानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय नारायणपुर में विश्वविद्यालयीन प्रथम पाली परीक्षा के दौरान परीक्षा दे रहे नियमित एवं स्वाध्यायी परीक्षार्थियों को लोकतंत्र के महापर्व चुनाव के लिए स्वीप के अंतर्गत लोकतंत्र में मतदान के महत्व को समझाते हुए लोकसभा निर्वाचन में 19 अप्रैल को अनिवार्य रूप से मतदान करने और अपने घर परिवार, मोहल्ले और गांव के मतदाताओं को मतदान करने हेतु प्रेरित करने के लिए अपील किया गया साथ ही मतदाताओं को लोकतांत्रिक परंपराओं बरकरार रखने एवं निष्पक्ष और निर्भीक होकर नैतिक मतदान करने के लिए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉं एसआर कुंजाम द्वारा मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई गई। स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत आई वोट फॉर स्यौर एवं लोकतंत्र की यही पुकार वोट देना है अब की बार थीम पर युवा मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए मतदाता हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। इस अवसर पर स्वीप प्रो नोडल अधिकारी भगवान दास चांडक ने कहा कि लोकसभा चुनाव में सभी युवा मतदाताओं को अपने पसंदीदा प्रत्याशी को मत देकर अपने मताधिकार का उपयोग करना है।

सात चरणों में आयोजित लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण में 19 अप्रैल को अधिक से अधिक मतदान कर लोकतंत्र को मजबूत करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करें। डॉ. विजय लक्ष्मी गौर ने कहा कि आपके मतदान से ही मजबूत सरकार बनेगी। मतदान करने से न चुके। कार्यक्रम के दौरान प्राध्यापको के साथ साथ कॉलेज कैम्पस अम्बेसडर दिपेश कुमार, रासेयो स्वयं सेवक एवं 250 से अधिक परीक्षार्थियों सक्रिय रूप से उपस्थित थे

---

**कार्यक्रम • मेरा भारत विकसित भारत 2047 पर जिलास्तरीय भाषण प्रतियोगिता का किया गया आयोजन**

# भाषण प्रतियोगिता में रेशमा व पुखराज ने मारी बाजी

भास्कर न्यूज | नारायणपुर

नेहरू युवा केंद्र युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार एवं शासकीय स्वामी आत्मानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय नारायणपुर के संयुक्त तत्वाधान में जिला स्तरीय मेरा भारत विकसित भारत 2047 पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य भगवान दास चांडक ने की। इस अवसर पर प्रो. एसके राव व प्रमोद पोटाई मुख्यवक्ता व निर्णायक रहे। डॉ. बसंत नाग भानु प्रतापदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय कांकेर से आए विशिष्ट अतिथि रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे चांडक ने कहा कि राष्ट्र के निर्माण में युवाओं की भूमिका बहुत ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में युवाओं को समुचित दिशा के साथ सृजनात्मक होना आवश्यक है। 2047 का विकसित भारत युवाओं की सक्रिय भूमिका द्वारा ही संभव है इसके लिए युवा सक्रिय भूमिका निभाएं।

मुख्य वक्ता एआईआर पीटीसी सामाजिक कार्यकर्ता प्रमोद पोटाई ने कहा कि मोबाइल की जकड़न से युवाओं को बाहर निकलकर सामाजिक व राष्ट्र नवनिर्माण में अहम योगदान के लिए युवाओं का आह्वान किया। विशेष अतिथि के रूप में बोलते हुए समाजशास्त्र की प्रो. नाग ने विकसित भारत की संकल्पना से रूबरू कराया गया



नारायणपुर। भाषण प्रतियोगिता में हिस्सा लेती छात्रा।

तथा युवाओं को स्वयं की अंतर निहित शक्तियों को जागृत कर सर्वप्रथम स्वयं को स्वीकारने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आप वायु हो युवा का उल्टा शब्द है, छात्र-छात्राओं को वायु की तरह बहना चाहिए। प्रो. राव ने युवा शक्ति को समय का सदुपयोग कर विकास के प्रत्येक मंच पर अग्रसर होने के लिए प्रेरित किया।

### नारायणपुर का प्रतिनिधित्व करेंगी रेशमा सोनानी

भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रेशमा सोनानी, द्वितीय स्थान पुखराज समरथ एवं तृतीय स्थान सुनील मंडावी ने प्राप्त किया। विजेता प्रतिभागियों के रूप में रेशमा सोनानी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में नारायणपुर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगी। इस अवसर पर अतिथियों ने विजेता प्रतिभागियों को महाविद्यालय परिवार की ओर से उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। भाषण प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में भगवान दास चांडक, एसके राव व प्रमोद पोटाई शामिल रहे। इस मौके पर सामूहिक रूप से विकसित भारत की प्रतिज्ञा दिलाई।